हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 20 दिसम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 शाम ढलते ही तालाब के चारों ओर छा जाता है अंधेरा



## खबर संक्षेप

### उचित मूल्य दुकान में चोरों को धावा, पार किया 50 बोरी चावल

**अम्बिकापुर।** ग्राम तेंदूपारा स्थित उचित मूल्य दुकान में चोरों ने न सिर्फ धावा बोला बल्कि ताला तोड़ दुकान से 50 हजार कीमत के 50 बोरी चावल पार कर दिया। दुकान संचालक ने घटना की रिपोर्ट सूरजपुर कोतवाली में दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार तेन्दूपारा निवासी सरपंच कुंवर साय सिंह आ. दलसाय (43 वर्ष) ने बसदेई पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि ग्राम पंचायत तेन्दूपारा में उचित मूल्य की दूकान का संचालन पंचायत भवन सेन्दूपारा में होता है, जिसका संचालन ग्राम पंचायत तेंदूपारा द्वारा किया जाता है, 14 दिसंबर की सुबह विक्रेता राशन वितरण करने पहुंचा देखा पंचायत भवन के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। राशन भंडार किए गएये कमरे का भी ताला टूटा और दरवाजा खुला था। जब राशन दुकान में रखे चावल बोरी का मिलान किया तो पता चला की चोरों ने 50 बोरी चावल ले गए है। साथ ही काउंटर में रखे 5 सौ रूपए भी चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(क),331(4) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

### बाइक की टक्कर से गंभीर स्कूटी सवार शिक्षिका की मौत

**लखनपुर।** बेलदगी पुलिया के समीप बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी सवार शिक्षिका को टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटी सवार शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। शिक्षिका को तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मृत घोषित कर दिया। शिक्षिका अंकिता सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुसु में पदस्थ थीं। प्रतिदिन स्कूटी से स्कूल आना-जाना करती थीं। शुक्रवार की शाम करीब 4 बजे विद्यालय की छुट्टी के बाद शिक्षिका स्कूटी से लखनपुर की ओर आ रही थीं। जैसे ही शिक्षिका बेलदगी पुलिया के समीप पहुंचीं तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से शिक्षिका को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत शिक्षिका को मृत घोषित कर दिया।

### बाइक की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** जशपुर करबला रोड निवासी उमेश राम आ. मुना राम (43 वर्ष) 16 दिसंबर की शाम घर के समीप टहल रहा था। इसी दौरान बाइक क्रमांक सीजी 14 बी 1906 का चालक लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां बीती रात उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई।

## पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं ने बढ़ाई कंपकपी

# भीषण ठण्ड से कांपा सरगुजा 2 डिग्री में थमा मैनपाट, कोहरे में ढंका शहर



घरे कोहरे में ढंका शहर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं ने कंपकपी बढ़ा दी है। सर्द हवाओं के प्रभाव से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पठारी क्षेत्रों में ठंड का अधिक असर दिख रहा है तथा पारा में तेज गिरावट दर्ज की गई है। गुरूवार को सुबह से लेकर 11 बजे तक घना कोहरा छाने के कारण जनजीवन प्रभावित रहा। मौसम विज्ञानी आगामी 2-3 दिनों तक मौसम के यथावत रहने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

सरगुजा में इस बार मध्य नवम्बर से ही कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मध्य नवम्बर के बाद से ही तापमान 10.0 डिग्री के नीचे बना हुआ है। लम्बे अर्से बाद इस नवम्बर में शीत लहर का प्रभाव रहा वहीं दिसम्बर महीने की शुरूआत से ही

⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बातें**
- सुबह 3 घंटे तक छाया रहा घना कोहरा
- मध्य नवम्बर से ही 10 डिग्री के नीचे रहा पारा

### घने कोहरे के कारण दृश्यता हुई शून्य

गुरूवार को सुबह मौसम सामान्य था लेकिन 8 बजते ही अचानक घना कोहरा छा गया। घने कोहरे का प्रभाव शहर सहित पूरे संभाग में देखा गया। इस दौरान शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में कोहरे का घनत्व इतना अधिक था कि पास की चीजे भी नहीं दिखाई दे रही थी। ठंड एवं कोहरे के कारण सड़कों पर वीरानी छाई रही। इस दौरान वाहनों ने लाइट जलाकर बेहद धीमी रफ्तार से आवागमन किया। मैदानी क्षेत्रों में कोहरे का अधिक प्रभाव देखा गया। कोहरे के कारण सुबह 11 बजे तक जनजीवन थमा रहा। 11 बजे धूप निकली तो कोहरे का असर कम हुआ।

### शुक्रवार की सुबह क्षेत्र में घना कोहरा रहने से जनजीवन हुआ प्रभावित

बिश्रामपुर। कोयलांचल समेत आसपास इलाके में शुक्रवार की सुबह घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया, सुबह-सुबह घरों से निकलने वाले लोग कोहरे के बीच रास्ता तलाशते नजर आए, वहीं सड़कों पर दृश्यता इतनी कम थी कि वाहन चालकों को खासी परेशानी उठानी पड़ गई। कोहरे के कारण स्कूल जाने वाले बच्चे, दफ्तर और खदानों की ओर जाने वाले कई कर्मचारी समय पर नहीं पहुंच सके, सार्वजनिक परिवहन भी प्रभावित रहा, जिससे यात्रियों को खासा इंतजार करना पड़ा। सुबह की सैर पर निकलने वाले लोग भी मजबूरन घरों में ही दुबके रहे,मौसम में लगातार हो रहे बदलाव का असर ठंड के रूप में साफ दिखाई दिया,ठिठुरन बढ़ने से शहर के चौक-चौराहों, बस स्टैंड और रिहायशी इलाकों में अलाव जलते नजर आए। लोग हाथ सेंकते हुए ठंड से बचाव करते दिखे। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों के लिए यह मौसम विशेष रूप से परेशान करने वाला रहा।करीब 12 बजे दोपहर बाद जब सूरज की हल्की झलक दिखाई दी तो लोगों ने राहत की सांस ली। धूप निकलते ही वातावरण में कुछ गर्माहट आई और जनजीवन धीरे-धीरे संभलता नजर आया।जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में भी सुबह और रात के समय कोहरा व कड़ाके की ठंड बनी रह सकती है। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने, वाहन धीमी गति से चलाने और ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़ों का उपयोग करने की अपील की गई है।



### मैनपाट में बिछी पाला की सफेद चादर

मौसम में आए बदलाव के कारण इस साल पहली बार गुरूवार को छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट का पारा 2.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। पारा में तेज गिरावट होने के कारण मैनपाट में सुबह खेत-खलिहान में पाला की सफेद चादर बिछ गई थी। ऊंचाई पर होने के कारण मैनपाट में पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं का अधिक प्रभाव पड़ा। कड़ाके की ठंड पड़ने के कारण लोग सुबह देर तक अपने घरों में कैद रहे। कंपकंपी बढ़ने के कारण लोग दिन में भी अलाव के सहारे समय गुजार रहे हैं। बलरामपुर जिलान्तर्गत पठारी क्षेत्र सामरी पाठ व लहसुन पाठ में सुबह चारो तरफ बर्फ की चादर बिछ गई थी।

### जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

विक्षोभ की सर्द हवाएं गुजरने के कारण मौसम में तेज बदलाव आया है तथा ठंड के साथ घना कोहरे का प्रभाव देखने को मिला। मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम आगे भी जारी रहेगा।

-अक्षय मोहन भट्ट, मौसम विज्ञानी



नव पदस्थ कलेक्टर अजीत बसंत द्वारा कार्यालयों का औचक निरीक्षण।

## सरगुजा के नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने किया पदभार ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा जिले के नवपदस्थ कलेक्टर अजीत वसंत ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। नवपदस्थ कलेक्टर श्री वसंत 2013 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। वे पूर्व में भी परिवीक्षा अवधि के दौरान सरगुजा जिले में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। नवपदस्थ कलेक्टर श्री वसंत इससे पूर्व कोरबा जिला कलेक्टर के रूप में पदस्थ थे। पदभार ग्रहण करने के पश्चात नवपदस्थ कलेक्टर श्री वसंत ने जिला कार्यालय के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने जिला कार्यालय में स्थित विभिन्न शाखा आदि का निरीक्षण किया। इसके अलावा उन्होने निर्वाचन कार्यालय, ईवीएम स्ट्रांग रूम सहित विभिन्न विभागों का भी निरीक्षण कर कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने जिला अधिकारियों के साथ कलेक्टरेट सभाकक्ष में परिचयात्मक बैठक की। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय का ध्यान रखें, जिला मुख्यालय छोड़ने से पूर्व उच्च अधिकारी को अवगत कराएं। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को निष्ठापूर्वक, पारदर्शिता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने कहा तथा शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सरगुज़ा जिला जनजातीय बाहुल्य जिला है, इसलिए उनके हित को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाए। इस दौरान जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, रामसिंह ठाकुर, अमृत लाल ध्रुव, ननि कमिश्नर डीएन कश्यप, सर्व एसडीएम एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

- विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण

## टोकन नहीं कटने से भड़का किसानों का आक्रोश, किया चक्का जाम



**राजपुर।** समितियों में धान खरीदी नहीं होने और विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों का आक्रोश भड़क उठा। शुक्रवार को धंधापुर, गोपालपुर, सेवारी एवं राजपुर क्षेत्र के किसानों ने खरीदी केंद्र में अव्यवस्थाओं और टोकन न कटने की समस्या को लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 343 पर मंडी प्रांगण के सामने चक्का जाम कर दिया। इस दौरान किसानों ने लगभग आधे घंटे तक आवागमन प्रभावित कर प्रदर्शन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोपहर में टोकन नहीं कटने से परेशान किसानों ने आक्रोशित होकर सड़क जाम कर दिया। किसानों का कहना है कि वे बीते पंद्रह दिनों से धान बेचने के लिए टोकन कटवाने का प्रयास कर रहे हैं। खरीदी केंद्र के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी कई बार कोशिश करने के बावजूद उनका टोकन नहीं कट पा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान की आशंका है। टोकन की समस्या से आक्रोशित किसानों ने पूर्व पार्षद पुरनचंद्र जायसवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्का जाम किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शीघ्र टोकन जारी करने व खरीदी सीमा बढ़ाने की मांग की। चक्का जाम की सूचना मिलने पर राजपुर एसडीएम देवेंद्र प्रधान मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा कर उन्हें समझाइश दी। एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने बताया कि वर्तमान में 19 जनवरी तक के टोकन पहले से कट चुके हैं। उन्होंने किसानों को आश्वासन दिया कि खरीदी सीमा बढ़ाने को लेकर बलरामपुर कलेक्टर से चर्चा की गई है तथा शासन को पत्र भेजा जा चुका है। एक सप्ताह के भीतर लिमिट बढ़ने की संभावना है और कोई भी किसान धान बेचने से वंचित नहीं रहेगा। इसके बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त किया।

चक्का जाम के दौरान मौके पर पहुंचे भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने कहा कि सूरजपुर जिले में धान खरीदी की लिमिट बढ़ाई जा चुकी है और जल्द ही बलरामपुर जिले में भी लिमिट बढ़ाई जाएगी।

- एनएच 343 पर किया प्रदर्शन,

### बुलेट बाइक से उत्पात मचा रहे युवकों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**अंबिकापुर।** बुलेट बाइक से उत्पात मचा रहे युवकों पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बाइक चालकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि वाहन चेकिंग के दौरान मणिपुर थाना पुलिस द्वारा बुलेट बाइक क्रमांक सीजी 15 ईए 4287 में चार युवक बैठकर घूमते नजर आए। इस दौरान पुलिस ने जब बाइक सवार युवकों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया तो वे नशे में धुत पाए गए। ऐसे में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ एमबी एक्ट धारा 185 के तहत कार्रवाई की वहीं अन्य युवकों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

## विद्युत लाइन सुधार करने गए सहायक लाइनमैन से मारपीट, बनाया बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लाइन सुधार करने गए विद्युतकर्मी के साथ गाली गलौज और बंधक बनाकर मारपीट का मामला सामने आया है। क्षेत्र में चल रहे विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई से नाराज लोगों ने विद्युत कर्मी के साथ मारपीट की। इधर इस घटना के बाद कार्रवाई नहीं होने से विद्युतकर्मियों में अंसतोष का माहौल निर्मित हो गया और बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की। शिकायत के बाद अब पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है और घटना की जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि विद्युत विभाग में पदस्थ सहायक लाइनमैन गौतम पैकरा 18 दिसम्बर को लुंड्रा के रघुनाथपुर चौकी अंतर्गत ग्राम असकला में विद्युत लाइन सुधार कार्य के लिए गया हुआ था और अपना कार्य कर रहा था। इसी दौरान लंबित भुगतान को लेकर क्षेत्र में की गई विद्युत विच्छेदन की कार्रवाई के मामले में रविशंकर यादव अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया और विद्युतकर्मी के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी। इतना ही नहीं रविशंकर यादव ने अपने साथियों के साथ विद्युतकर्मी को बंधक बना लिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इधर इस घटना के बाद विद्युतकर्मचारियों ने पुलिस को शिकायत दी थी लेकिन शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में विद्युत कर्मियों का आक्रोश भड़क उठा बड़ी संख्या में कर्मचारी शुक्रवार को रघुनाथपपुर चौकी पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। कर्मचारियों की मांग के बाद अंततः पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया है और मामले की जांच चल रही है।

इस संबंध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि विद्युतकर्मी से मारपीट के मामले में शिकायत के बाद अपराध दर्ज किया गया है और घटना की जांच चल रही है।

- वीडियो वायरल, शिकायत के बाद अपराध दर्ज




7वीं पुण्यतिथि
स्व.सुधा सिंह
"वह माँ ही है जिसके रहते जिंदगी में कोई गम नहीं होता, दुनिया साथ दे या ना दे माँ का प्यार कभी कम नहीं होता।"
आपके 7वीं पुण्यतिथि पर
शत्-शत् नमन
सहित अश्रुपूरित श्रद्धांजलि...
जन्म 01.01.1957 | निर्वाण 20.12.2018
शोकाकुल
मृगेन्द्र बहादुर सिंह, प्रियंका सिंह, रूद्रांश बहादुर सिंह एवं समस्त परिवार
सुधा सदन, दर्रीपारा, अम्बिकापुर (छ.ग.)



हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 969. ईशांत मानिकपुरी पिता\पति कीर्तन मानिकपुरी पता- आर.डी.ए. कॉलोनी रायपुरा, 970. लविश राठौर पिता\पति सतेन्द्र राठौर पता- गली न. 2 A अक्षत विहार, 971. वंदना तेकाम पिता\पति प्रदीप कुमार पता- गंगा नगर पंडरी रायपुर, 972. हुमन विश्वकर्मा पिता\पति कृपा राम विश्वकर्मा पता- दोंदेकला रायपुर, 973. जिया श्री साहु पिता\पति तिजेंद्र कुमार साहु पता- अयोध्या नगर न्यू चंगोरा भाटा, 974. उदय वीर सिंह पिता\पति शिव शंकर सिंग पता- वार्ड न.- 43 पुरानी बस्ती रायपुर, 975. नोहर लाल साहू पिता\पति मेघनाथ साहू पता- काशी राम नगर रायपुर, 976. अंश कुमार निषाद पिता\पति दीपक निषाद पता- कुम्हार पारा फाफाडीह, 977. दुलारी तांडी पिता\पति जय लाल ठाकुर पता- B.S.U.P कॉलोनी ब्लाक न.- 24, 978. चित्रेखा पिता\पति जे.आर साहु पता- H-26 पुलिस लाइन रायपुर, 979. प्रशांत यदु पिता\पति घनश्याम यदु पता- नयापारा भैर, 980. डामेश्वर नगारची पिता\पति पुरुषोत्तम नगारची पता- दरबा, 981. शुभम पाण्डेय पिता\पति देवेन्द्र पाण्डेय पता- महिमा सागर वार्ड धमतरी, 982. निर्मला बाफना पिता\पति टीकम चंद बाफना पता-दीनदयाल कॉलोनी कौरीन भाठा राजनादगांव, 983. कीर्तन लाल साहू पिता\पति श्री रमेश कुमार साहू पता- बेलटिकरी राजनादगांव, 984. गजेन्द्र सिंह भारतद्वाज पिता\पति श्री सी. एस. भारतद्वाज पता-विजय वार्ड न. -2 जगदलपुर, 985. भुनेश्वरी मानिकपुरी पिता\पति पूरण दास मानिकपुरी पता-महासमुंद, 986. हर्षिता वर्मा पिता\पति दुर्गेश कुमार वर्मा पता-शिवानन्द कॉलोनी महासमुंद, 987. शौर्य नेताम पिता\पति श्री तोरण राम नेताम पता-प्रोफेसर कॉलोनी कवर्धा, 988. वंदना साहू पिता\पति विष्णु राम साहू पता-भैंसा, 989. हेमंत कुमार वर्मा पिता\पति राजेश कुमार वर्मा पता-आर.के.जी. स्कूल के पास, 990. राजदीप साहु पिता\पति गोपी राम साहु पता-बलोदा बाज़ार, 991. स्वरा वैष्णव पिता\पति सिद्धार्थ वैष्णव पता-सरगीपाल कोंडागांव, 992. समृद्धि यादव पिता\पति मनीष कुमार यादव पता-डी.एन. के. कोंडागांव, 993. भव्य ठौक पिता\पति संदीप ठौक पता-सेक्ट.-01 भिलाई, 994. गरिमा पटेल पिता\पति श्री देवेन्द्र कुमार पटेल पता-दुर्ग, 995. कौशल राज सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 996. रमनदीप कौर भाटिया पिता\पति करनल सिंग भाटिया पता-संतरा बाड़ी दुर्ग, 997. अश्वनी कुमार पाण्डेय पिता\पति स्व. चंदू लाल पाण्डेय पता-म.न. -255 वार्ड -6 ठेठवार पारा दुर्ग, 998. तुषार वर्मा पिता\पति दिलीप कुमार वर्मा पता-हथखोज भिलाई, 999. श्री पुरुषोत्तम लाल साहू पिता\पति श्री जोखू राम साहू पता-शीतला पारा हथखोज वार्ड न. -2 भील -3 चरोदा, 1000. मुकेश गोयल पिता\पति स्व. श्री मन्ना राम गोयल पता-कापला मार्केट के पास खुर्सीपार, 1001.यशवंत कुमार साहू पिता\पति स्व. श्री मदन लाल साहू पता-हरिनगर कातुल बोर्ड दुर्ग, 1002. रोशन कुमार बघमार पिता\पति मन्नू लाल बघमार पता-ढीमर पारा हनुमान टेम्पल दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण** – 1003. अजय कुमार पासवान पिता/पति - स्व. इंद्रदेव पासवान पता - बनारस रोड गांधी नगर 1004. अर्चना चौबे पिता/पति - सच्चि दानंद पांडे पता- शंकरघाट अम्बिकापुर 1005. अलंकार नायक पिता/पति - श्री ओंकार नाथ नायक पता - विश्रामपुर 1006. श्रीमती पविता यादव पिता/पति - श्री मनबोध राम यादव पता- हरीदेवेंद्र कालोनी बी- 32 अम्बिकापुर 1007. बिन्दु पिता/पति - संबोधीत सरजुन पता- हरीदेवेंद्र कालोनी एन - 20 महादेव पारा अम्बिकापुर 1008. विनीति श्रीवास्तव पिता/पति - विवेक श्रीवास्तव पता- अम्बिकापुर 1009. डॉ . पंकज त्रिपाठी पिता/पति- स्व. आर.के.त्रिपाठी पता - सत्ती पारा अम्बिकापुर 1010. श्री जल यादव पिता/पति - सतीश यादव पता- बड़सार भैयाथान 1011. आसिम अहमद पिता/ पति - जहरुद्दीन आजाद पता - मोमीनपुरा अम्बिकापुर 1012. आमिष यादव पिता/पति- श्री राम गेवरा यादव पता- अम्बिकापुर सरगुजा 1013. कु. सुदीक्षा मिश्रा पिता/पति -प्रवीण कुमार मिश्रा पता - मिशन चौक अम्बिकापुर 1014. गुलशन गोयल पिता/पति- श्री शिव कुमार गोयल पता- मायापुर पीपल मार्ग अबिकापुर 1015. दिनेश कुमार पिता/पति - शिव प्रसाद पता - नमनकला गंगापुर 1016. निग राज प्रसाद लवनेश पिता/पति - श्री राम सुजान पता - गंगापुर खुर्द अबिकापुर 1017. मीता पिता/पति - महावीर राजवाड़े पता- मंहगाई सूरजपुर 1018. रवि भूषण दुबे पिता/पति - अरुण कुमार दुबे पता - होउसिंग बोर्ड कालोनी नमनकला 1019. मकसूद अहमद पिता/पति - मंजूर अहमद पता - बरेजपारा अम्बिकापुर 1020. दोमोनिक टोप्पो पिता/पति - मारकठा टोप्पो पता - बलरामपुर 1021. मानसी सिन्हा पिता/ पति- सचिन्द्र सिन्हा पता- गांधी नगर अम्बिकापुर 1022. सौरभ तिवारी पिता/पति - जितेंद्र तिवारी पता - बलरामपुर 1023. साक्षी केशरी पिता/पति - विजय कुमार गुप्ता पता - बसंत मार्ग इमलीपारा 1024. समृद्दि त्रिपाठी पिता/पति - आनंद प्रकाश त्रिपाठी पता - ब्रह्म रोड अम्बिकापुर 1025. कल्पनाथ भगत पिता/पति - स्व . रुपचन्द भगत पता- गांधी नगर सोनी मोहला ,**भोपाल संस्करण** – 1026. हर्षित सिंह राजपूत पिता\पति - बादल सिंह राजपूतभोपाल, 1027. रीना राजपूत पिता\पति - रनवीर गौरकरोदभोपाल, 1028. राम सिंह पिता\पति - देवी अफजल खान जिंसी,1029. सुखदेव पाटील पिता\पति- स्व नत्थू पाटीलन्यू बाग मुगलियाभोपाल, 1030. आनंद सिंह चावड़ा पिता\पति - मोहन सिंह भोपाल, 1031. साफिया पिता\पति - मो. शोयेब नियर वॉटर टैंकनवीन रंःभा नगरनिशातपुरा, 1032. भारती चौधरी पिता\पति - 53 नई जेल रोडरतन कॉलोनी करोद, 1033. मुश्ताक मो. खान पिता\पति - आॅफाक मो. खानश्रद्धा कॉलोनीनारियल खेड़ा, **जबलपुर संस्करण** – 1034. दीपक दुबे पिता\पति - श्री राजेंद्र दुबे कटनी, 1035. श्रीमती सरोज गुप्ता पिता\पति - कैलाश चंद गुप्ता जबलपुर, 1036. वैदेही तिवारी पिता\पति - मनीष तिवारी जबलपुर, 1037. पूनम शर्मा पिता\पति - श्री प्रणय कुमार शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1038. देवांश कोटवानी पिता\पति - श्री अनिल कोटवानी अनूपपुर, 1039. प्रणय कुमार शर्मा पिता\पति - श्री गोविंद प्रसाद शर्मा चेतना नगर अनूपपुर, 1040. विमलेंद्र कुमार शर्मा पिता\पति - स्वः वसंत राम शर्मा वार्ड क्रमांक 14 पुरानी बस्ती अनूपपुर, 1041. जितेंद्र नंदवानी पिता\पति - राजल दास नंदवानी बाबा नारायण शाह वार्ड माधव नगर कटनी।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय हिन्दू सम्मेलन आज

**चरचा कॉलरी।** सर्व हिन्दू समाज चरचा के तत्वावधान में जिला स्तरीय हिन्दू सम्मेलन का आयोजन 20 दिसंबर को किया जाएगा। यह सम्मेलन दोपहर 2 बजे से नगर के श्रवण स्टेडियम, चरचा में आयोजित होगा। आयोजित हिन्दू सम्मेलन में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में अजय राम प्रांत प्रचारक (छग) उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में हिन्दू समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्हित से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में जिलेभर से विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, धर्मप्रेमी नागरिक, युवा एवं मातृशक्ति की सहभागिता रहेगी।

### रेस्क्यूअर्स ग्रुप के प्रांताध्यक्ष बने प्रहलाद

**मनेन्द्रगढ़।** क्षेत्र में लंबे समय से स्नेक सेवर के रूप में सेवा दे रहे



झगराखंड के प्रहलाद पाण्डेय के सेवा कार्यो से प्रभावित होकर आल इंडिया वाइल्ड लाइफ रेस्क्यूअर्स ग्रुप ने श्री पाण्डेय को प्रांताध्यक्ष आल इंडिया वाइल्ड लाइफ रेस्क्यूअर्स ग्रुप नियुक्त किया है। श्री पाण्डेय का कहना है कि प्राकृतिक संतुलन के लिए सांपों का रहना बहुत आवश्यक है साथ ही सांप जहां किसानों के सहयोगी हैं, वहीं उनका जहर विभिन्न जीवन रक्षक दवाइयां बनाने में काम आता है। श्री पाण्डेय ने कहा कि सभी सांप जहरीले नहीं होते, आमतौर पर लोग भयवश मृत्यु को प्राप्त होते हैं यदि समय पर इलाज हो तो सर्पदंश से बहुत कम मृत्यु हो। उनकी इस नियुक्ति पर डॉ. रश्मि सोनकर, गौरव मिश्रा, रवि सिंह आदि ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।


### अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने माबूद

**वेस्ट चिरमिरी।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव सिंह एवं



प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय की सहमति से जिले के अल्पसंख्यक समुदाय के मजबूत नेता माबूद अली को जिला एमसीबी अल्पसंख्यक मोर्चा का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी से जुड़ाव के उनके लंबे कार्य अवधि और उनके कुशल नेतृत्व को देखते हुए प्रदेश संगठन ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। माबूद अली लंबे समय से पार्टी संगठन और सामाजिक कार्यों से जुड़े हुए हैं। माबूद अली को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष बनाए जाने की खबर मिलते ही उनके समर्थकों एवं प्रशंसकों में उत्साह एवं खुशी की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर श्री अली ने कहा कि संगठन ने यह महत्वपूर्ण पद देकर उन्हें एक नई जिम्मेदारी सौंपी है।


### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, 79 यात्री रवाना



**मनेन्द्रगढ़।** जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों एवं श्रद्धालुओं के लिए पावन तीर्थ यात्रा का सफल आयोजन किया गया। योजना के तहत जिले से कुल 79 तीर्थ यात्रियों के साथ 1 स्कॉर्ट प्रभारी, 2 चिकित्सा अधिकारी तथा 3 अनुरक्षक नियुक्त किए गए थे, ताकि यात्रा के दौरान यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और स्वास्थ्य का पूर्ण ध्यान रखा जा सके। इस धार्मिक यात्रा के लिए विगत 13 दिसंबर को दोपहर 12 बजे सभी तीर्थ यात्री स्पेशल बस द्वारा मनेन्द्रगढ़ से बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन के लिए रवाना हुए। वहीं बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन से सायं 3.30 बजे स्पेशल ट्रेन के माध्यम से मथुरा के लिए तीर्थ यात्रियों को रवाना किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा हरीझंडी दिखाकर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया गया था, जिससे यात्रियों में उत्साह और श्रद्धा का विशेष वातावरण बना। यात्रा के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित रहीं और तीर्थ यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

## नगर पालिका प्रशासन से वार्डवासियों ने की पहल की मांग

# शाम ढलते ही तालाब के चारों ओर छा जाता है अंधेरा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के बगल में स्थित प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए पूर्व में लाखों रूपए खर्च कर,घाट निर्माण, फूटपाथ निर्माण के साथ दर्जनों की संख्या में डेकोरेटिव लाइट लगाई गई थी, तब ऐसा लग रहा था कि बस स्टैंड के समीप का प्राचीन तालाब शहर की सुंदरता का केन्द्र बनेगा, लेकिन निर्माण पर तो ध्यान दिया गया, लेकिन इसके बाद देख-रेख की दिशा में भी ध्यान नहीं दिया गया। नतीजा यह हुआ कि पक्का निर्माण तो सही सलामत है, लेकिन तालाब के चारों ओर लगाई गई डेकोरेटिव लाइट को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर दिए गए या फिर चोरी हो गई।

### मार्ग किनारे दुकानों का निर्माण हो सकता है

प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास स्थित तालाब मुख्य मार्ग किनारे स्थित है और तालाब सड़क के बीच पर्याप्त जगह है, ऐसे में सड़क किनारे से कई दुकानों का निर्माण कराया जा सकता है, इससे तालाब परिसर प्रमुख व्यावसायिक परिसर बन सकता है तथा बस स्टैंड के निकट मुख्य मार्ग किनारे अस्थाई दुकान वालों को वहां व्यवस्थित किया जा सकता है, इसके अलावा अन्य लोगों को स्थाई रोजगार के लिए दुकान आवंटन किया जा सकता है। नगर पालिका परिषद इस ओर ध्यान देता है तो तालाब के निकट कई दुकानों का निर्माण किया जा सकता है।

### दर्जनों डेकोरेटिव लाइट गायब

प्रतीक्षा बस स्टैंड के पास स्थित तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रूपए खर्च कर दिए गए, लेकिन तालाब की सुंदरता निखर नहीं पाई। तालाब के किनारे एवं सड़क किनारे डेकोरेटिव लाइट दर्जनों की संख्या में लगाए गए थे जो समय के साथ अब पूरी तरह से गायब हो गए।

### गंदगी से पटा प्राचीन तालाब

शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड के समीप स्थित प्राचीन तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए भले ही खर्च कर दिया गया हो, लेकिन हकीकत यह है शाम ढलते ही यह क्षेत्र अंधेरे में डूब जाता है, इसके अलावा प्राचीन तालाब की साफ-सफाई नहीं होने के कारण तालाब में गंदगी पसरी हुई है। तालाबों को संरक्षित करने की दिशा में सरोवर धरोहर योजना केवल कागजो में ही संचालित हो रही है।



जागरूकता रथ को हरीझंडी दिखाकर रवाना करती कलेक्टर।

# जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह के द्वारा पल्स पोलियो अभियान के तहत कार्ययोजना की जानकारी दी गई।

बैठक में राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस (एनआईडी) पल्स पोलियो अभियान में सभी जीरो से पांच वर्ष के बच्चों को 21 से 23 दिसंबर तक पल्स पोलियो का ड्रॉप पिलाया जाएगा। प्रथम दिवस में सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बच्चों को पोलियो बूथ में पोलियो की ड्रॉप्स पिलाया जाएगा। द्वितीय और तृतीय दिवस 22 एवं 23 दिसंबर तक घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाया जाएगा। बैठक उपरांत कलेक्ट्रेट परिसर से पोलियो जागरूकता रथ को कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के पहुंच विहीन क्षेत्रों में जाकर लोगों को जागरूक करने व प्रचार करने का कार्य करेगा। जिले में विशेष रूप से बाहर जाने वाले बच्चों व बाहर से आने वालों बच्चो का विशेष ध्यान रखा जाएगा, इसके लिए हाट बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंण्ड, ईंट-भट्ठा में काम करने वालों के बच्चे, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले, शहरी स्लम एरिया (क्षेत्रों) में विशेष ध्यान दिया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रथम दिवस में 80 प्रतिक्षण पोलियो ड्रॉप पिलाना सुनिश्चित करेंगे। लोगों के सुविधा के लिए ट्रांजिट टीम के सदस्य द्वारा दायित्व का निर्वहन अच्छे से करेंगे। ग्रामीण पहुंच विहीन क्षेत्रों के लिए पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करें। पल्स पोलियो अभियान का सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए माइक्रोप्लान बनाकर शत-प्रतिशत करें। इसके लिए जिले में जिला स्तर पर और विकासखंड स्तर पर टीम गठित कर मानीटरिंग करें। बूथ लेवल पर बस स्टैंड, टोल टैक्स, रेलवे स्टेशन, बाजार आदि स्थानों पर प्रचार-प्रसार के बैनर-पोस्टर एवं प्रचार सामग्री उपलब्ध हो, गांव में मुनियादी कराएं एवं लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को सूचित करेंगे। पोलियो वाइल्ड वायरस के प्रसार को रोकने के लिए गठित इमरजेंसी प्रिपेयर्डनेस तथा रेपिड रिस्पांस टीम का उन्मुखीकरण करें, साथ ही एईएफआई (विशेष जोखिम परिस्थिति) के लिए कीट उपलब्ध रहे।

■ जागरूकता रथ पहुंच विहीन क्षेत्रों में जाकर करेगा अभियान का प्रचार

# साप्ताहिक बाजार में ऑटो चालकों की मनमानी

**बरबसपुर।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत बरबसपुर के साप्ताहिक बाजार में ऑटो चालकों की मनमानी अब गंभीर समस्या का रूप ले चुकी है।



साप्ताहिक बाजार के दिन दर्जनों ऑटो चालक घंटों तक दुकानों के सामने अपने वाहन खड़े कर देते हैं, इससे छोटे दुकानदारों का व्यापार पूरी तरह ठप हो जाता है। स्थिति यह है कि बाजार में अव्यवस्था और तनाव का माहौल बना रहता है। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि ऑटो चालक जानबूझकर दुकानों के ठीक सामने वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे दुकानें पूरी तरह दिखाई ही नहीं देती। ग्राहक जब दुकान तक पहुंचना चाहते हैं तो उन्हें वाहन हटाने का इंतजार करना पड़ता है, जिससे अधिकांश ग्राहक बिना खरीदी किए लौट जाते हैं। इसका सीधा असर छोटे दुकानदारों की दैनिक आमदनी पर पड़ रहा है। व्यापारियों के अनुसार जब दुकानदार ऑटो चालकों से वाहन आगे-पीछे करने का अपील करते हैं तो वे झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। कई बार तो बात गाली-गलौज और धमकी तक पहुंच जाती है, इससे बाजार में भय का माहौल बन गया है और दुकानदार अपनी बात रखने से भी डरने लगे हैं। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस प्रशासन की मौजूदगी न होने पर ऑटो चालक सड़क के बीचों-बीच वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता है और घंटों जाम की स्थिति बनी रहती है। राहगीरों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। हालात यह हैं कि जैसे ही शाम के समय नागपुर चौकी की पुलिस वाहन की सायरन सुनाई देती है, ऑटो चालक तुरंत मौके से फरार हो जाते हैं। पुलिस के जाते ही फिर वहीं स्थिति बन जाती है।

### नशा विरोधी अभियान का का दिया संदेश

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में बी 18 दिसंबर को मद्य निषेध दिवस के अवसर पर नशा उन्मूलन को लेकर व्यापक और प्रभावी जन जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान जिला कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन में तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा एवं महिला एवं बाल विकास अधिकारी आरके खाती के निर्देशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा सफलतापूर्वक संचालित किया गया। अभियान के अंतर्गत प्री- मैट्रिक छात्रावास, लालपुर (मनेन्द्रगढ़) में अध्ययनरत बच्चों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मद्य निषेध दिवस के महत्व, उद्देश्य तथा नशे से होने वाले गंभीर सामाजिक, मानसिक और शारीरिक दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी गई।

# कृषि अधिकारी संघ ने उप संचालक कृषि से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालयीन सचिव एवं जिला अध्यक्ष एमसीबी दीपक कुमार साहू एवं उनकी नवीन जिला कार्यकारिणी ने उप संचालक कृषि जिला एमसीबी से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संघ द्वारा जिला में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारियों के अस्थायी से स्थायीकरण की मांग रखी गई। संघ ने कहा कि परिवीक्षा अवधि पूर्ण कर चुके अधिकारी शासन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य कर रहे हैं, ऐसे में उनका स्थायीकरण न्यायोचित एवं आवश्यक है। श्री साहू ने बताया कि स्थायीकरण से अधिकारियों का मनोबल बढ़ेगा और किसानों को मिलने वाली सेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा।

# केवी में वार्षिक खेल दिवस कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर




केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर का वार्षिक खेल दिवस कार्यक्रम 19 दिसंबर को जी.राजेन्द्र कुमार, जीएम एसईसीएल तथा गौरव दुबे, नामित अध्यक्ष केन्द्रीय विद्यालय बैकुंठपुर तथा एपीएम एसईसीएल के मुख्य आतिथ्य में विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के आरंभ में विद्यालय के प्राचार्य अवनि प्रकाश श्रीवास्तव ने अतिथि द्वय को पुष्प गुच्छ तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया।

जीएम एसईसीएल जी.राजेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा मशाल जला कर किया। जी.राजेन्द्र कुमार ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से खेलों के माध्यम से अपने जीवन में अनुशासन को अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का प्रारंभ बच्चों के द्वारा मनमोहक जुम्बा नृत्य की प्रस्तुति द्वारा हुआ जुम्बा नृत्य में संगीत की लय के साथ बच्चों की थिरकन देखने लायक थी। खेल दिवस के अवसर पर बच्चों की अनेक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई इन स्पर्धाओं में विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरूस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के खेल शिक्षक अश्विनी कुमार मांझी का विशेष योगदान रहा। विद्यालय के वरिष्ठतम शिक्षक रविन्द्र कुमार यादव ने कार्यक्रम के सफल संचालन किया। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती रंजना सिंह, शिक्षिका सुश्री हरिथा दास, सुश्री राखी, सुश्री दिव्या, संगीत शिक्षक सतीप किण्डो तथा पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा समेत विद्यालय के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपना सार्थक सहयोग प्रदान किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य तथा विद्यार्थियों के सहयोग से संपूर्ण आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

# धान टोकन नहीं कटने की शिकायत कलेक्टर से



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति पटना के पंजीकृत किसानों ने कलेक्टर को धान का टोकन नहीं कटने व रकबा कम कर दिए जाने की शिकायत कर निराकरण की मांग की है। कलेक्टर को पटना समिति में पंजीकृत किसान कृष्णा सिंह, अशोक कुमार, बीरालाल, उमेश कुमार, समयलाल, हेमंत कुमार, बाबूलाल, मोहेलाल, आनंद राम, हरिप्रसाद, सुनील कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, राम कुमार, धर्मपाल, नंदकुमार, बली सिंह, मोहन सिंह, गणेश सिंह, रघुनाथ, सोमारसाय ने हस्ताक्षरित शिकायत में उल्लेख किया है कि हम सभी किसानों के द्वारा कई सालों से कृषि कार्य करते आ रहे हैं और इस वर्ष भी खेती की है और इस बार अच्छी फसल हुई है, लेकिन गिरदावरी में किसी किसान का सामान्य धान को त्रुटीवश सुगंधित धान का दर्जा कर दिया गया है तथा फसल विवरण में फसल का नाम दर्ज है, परंतु सोसायटी के टोकन में धान का रकबा काफी कम कर दिया गया है। इसी प्रकार हम किसान अपना धान को उक्त समिति में विक्रय करने के लिए टोकन कटाने जाते हैं तो टोकन नहीं काटा जाता है और समिति कर्मियों द्वारा कहा जाता है कि धान खरीदी का लिमिट काफी कम है।

# सरस्वती विकास विद्यालय वार्षिकोत्सव में निखरी प्रतिभाएं

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

शहर के मध्य स्थित सरस्वती विकास विद्यालय में सत्र 2025-26 के वार्षिकोत्सव का आज अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं भव्य शुभारंभ हुआ। पूरे विद्यालय परिसर को आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगे गुब्बारों एवं सांस्कृतिक प्रतीकों से सजाया गया था, इससे कार्यक्रम का वातावरण उल्लासपूर्ण और प्रेरणादायी बन गया।

वार्षिकोत्सव का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ उनकी सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। नृत्य, संगीत, नाट्य मंचन और देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में शिक्षा के साथ संस्कारों के महत्व को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर संस्थान से जुड़े रतन कुमार अग्रवाल, बाबूलाल अग्रवाल, राजेन्द्र बोंदिया, सुंदरलाल दुग्गड़, प्रमोद पोद्दार, कमल केजरीवाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष पूनम चंद्र अग्रवाल, सुशील बोदिया, सार्थक अग्रवाल, श्रीमती ऋतु बोंदिया तथा यूनिवर्सल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर राजकुमार पाण्डेय, सेवा निवर्त शिक्षक कृष्णा शेकदार की विशेष उपस्थिति रही। इसके साथ ही काफी संख्या में अभिभावकगण एवं नगर के प्रबुद्ध नागरिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरस्वती विकास विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, नैतिकता और सामाजिक दायित्व की भावना को विद्यार्थियों में विकसित करने का सराहनीय कार्य कर रहा है। अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार को निरंतर प्रगति के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रधान आचार्य वेद प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### साक्षी बनीं युवा मोर्चा की जिला महामंत्री

**चरचा कॉलरी।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा छग में संगठनात्मक विस्तार के तहत जिलाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री पदों की घोषणा की गई है। यह घोषणा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय एवं भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा की सहमति से की गई। इसी क्रम में युवा मोर्चा में साक्षी सिंह राजपूत को जिला महामंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्व की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति के बाद नव नियुक्त जिला महामंत्री ने प्रदेश नेतृत्व एवं भाजपा जिला अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जिस विश्वास के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी है, वह उसके लिए कृतज्ञ हैं।

# किचन में रखा सिलेंडर धमाके के साथ फटा, सारा सामान जलकर राख



**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के वैष्णव दरबार सब स्टेशन के सामने संतोष केवट के घर में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार घर के किचन में आग लगी और गैस सिलेंडर तेज धमाका के साथ फट गया धमाके की तेज आवाज सुनकर लोग चौंक पड़े। घटना का सुखद पहलू रहा कि इस हादसे में कोई हताहत नही हुआ। घटना में टीवी, फ्रिज, कूलर, अलमारी, पलंग सहित घर में रखे पूरा राशन सामान जल कर खाक हो गई घटना की सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग़ पर काबू पाया।

वार्ड 11 के पार्षद पति सुजीत राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे जहां जानकारी मिली कि पूरा परिवार कम पर गया हुआ है और घर ताला बंद था इस दौरान आग जल की घटना सामने आई दमकल वाहन किसकी सूचना दी गई मौके पर पहुंच घंटे मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं किचन में रखे गैस सिलेंडर में भी आग लग गया था। जिसके चलते बड़ी घटना घट सकती थी समय रहते दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। मकान मालिक संतोष केवट ने बताया कि घर पर सुबह 9 बजे पूजा पाठ करने के बाद वह और उसकी पत्नी कम पर चले गए वहीं बच्चे भी अपने काम पर निकल गए उन्हें फोन पर जानकारी मिली कि घर में आगजनी की घटना सामने आई है। संभावना जताई जा रही है कि पूजा रूम में जल रहे दिए की बाती को चूहा लेकर गया होगा और आगजनी की घटना सामने आई है।

## जिला स्तरीय समारोह में शामिल हुए प्रतिभागी

# गुरु घासीदास ने सत्य, अहिंसा, समानता व मानवता का दिया संदेश



मंच पर उपस्थित अतिथि।



कार्यक्रम की प्रस्तुति देते प्रतिभागी।

**चरचा कॉलरी।** जिले के सतनामी समाज द्वारा जिला स्तरीय गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन 18 दिसंबर को नगर पालिका शिवपुर चरचा स्थित सुभाषनगर गुरूघासीदास भवन में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ किया गया। यह आयोजन संत शिरोमणि, मानवता के प्रणेता गुरूघासीदास जी की 269 वीं जयंती के पावन अवसर पर संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का आयोजन प्रगतिशील सतनामी समाज के तत्वावधान में किया गया। जयंती समारोह के प्रथम चरण में नगर में भव्य गुरूघासीदास जयंती शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में समाजजन पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इस दौरान जैतखाम पूजन, साफा फेर एवं पालो चढ़ाने की परंपराओं का विधिवत निर्वहन किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल, नपा उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व नपाध्यक्ष श्रीमती लालमुनि यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु मुदुली, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, सतनामी समाज जिला कोरिया के पूर्व अध्यक्ष वीरेन्द्र अजगले मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक निराला ने की। इस अवसर पर सभी अतिथियों का साल एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया, इसके पश्चात कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए बालक-बालिकाओं एवं युवाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित जनसमूह को भाव-विभोर कर दिया। इसके साथ ही सतनामी समाज के दोनों अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## खबर संक्षेप

### अंशुल श्रीवास्तव भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत

**अम्बिकापुर।** कार्यकर्ता अंशुल श्रीवास्तव को मोर्चा का प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया है। इसके पूर्व वे भाजयुमो जिला



महामंत्री अंशुल छात्र जीवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े हैं विगत 13 वर्षों से तथा भाजपा एवं उसके अनुषांगिक संगठनों में मंडल से लेकर जिला एवं विधानसभा स्तर तक महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। वे किसान मोर्चा में मंडल अध्यक्ष, महामंत्री, विधानसभा चुनावों में पूर्णकालिक विस्तारक, वॉर रूम प्रभारी व महामंत्री, विधानसभा चुनावों में पूर्णकालिक विस्तारक, वॉर रूम प्रभारी एवं भाजयुमो प्रभारी का दायित्व निर्वहन कर चुके हैं। कोरोना के कठिन समय में अंशुल व उनकी टीम द्वारा मोदी किचन का सफल संचालन किया।

### मुंशी राम शांडिल्य बने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष

**रामानुजगंज।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पद की



जिम्मेदारी मुंशी राम शांडिल्य को सौंपी गई है। उनकी नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। रामचंद्रपुर विकासखंड के ग्राम सनावल के निवासी हैं। पार्टी ने उनके संगठनात्मक कौशल को देखते हुए उन्हें भारतीय जनता युवा मोर्चा, मंडल सनवाल का प्रभारी भी नियुक्त किया, जहां उन्होंने युवाओं को संगठन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य, नावाडीह के रूप में जनप्रतिनिधित्व कर रहे हैं और क्षेत्र के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### देह व्यापार के मामले में होटल का मैनेजर और कर्मचारी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** देह व्यापार के मामले में पुलिस की कार्रवाई जारी है। अब पुलिस ने इस मामले में होटल मैनेजर और कर्मचारी को गिरफ्तार किया है जबकि इसके पूर्व मामले में दो महिलाओं समेत चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस द्वारा फिलहाल घटना की जांच की जा रही है। बता दें कि सरगुजा पुलिस ने देहव्यापार के मामले में बड़ा खुलासा किया था। पुलिस ने 10 नवंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार आकाशवाणी चौक स्थित घर से एक महिला को देह व्यापार के मामले में रंगे हाथों पकड़ने के साथ ही युवक-युवतियों को बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने महिला को धारा 3, 4, 5, 7 अनैतिक देह व्यापार निवारण अधिनियम, 1956 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके साथ ही जांच में यह बात भी सामने आई कि महिला का पति सुनील कुमार भी इस कारोबार में शामिल है। युवक की पत्नी ग्राहक ढूंढती है और सुनील कुमार का साथी हेमंत दास देह व्यापार के लिए लड़कियों को ग्राहक तक लाने- ले जाने का काम करता है। इसके साथ ही इस कारोबार में उनका साथ एक अन्य महिला भी देती है। ऐसे में पुलिस ने 13 दिसंबर को मायापुर निवासी 40 वर्षीय सुनील कुमार आ. कमला साव, दरिमा तेलसखरिया निवासी 33 वर्षीय हेमंत दास आ. स्व. राजेश दास व एक अन्य महिला को गिरफ्तार किया था जबकि जांच में देह व्यापार में होटल मैनेजर का नाम भी सामने आया। पुलिस ने जांच उपरांत अर्बन चौपाटी के समीप स्थित होटल आर्यन के मैनेजर एमपी रीवा के अथरैला पटेहरा सिरमौर निवासी 53 वर्षीय मौजी लाल जायसवाल आ. जगदेव प्रसाद जायसवाल व कर्मचारी बलरामपुर जिले के कुसमी जिगनिया निवासी 22 वर्षीय एकलव्य पैकरा आ. जनार्दन राम पैकरा को गिरफ्तार किया है।

## निर्धारित मेन्यू के अनुसार बच्चों को भोजन में नहीं मिल रहा पौष्टिक आहार

# जिले के अधिकांश विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन वितरण में बरती जा रही लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

बच्चों के शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर शासन न सिर्फ गंभीर है बल्कि बच्चों को शिक्षा के साथ पौष्टिक आहार मिल सके इसके लिए प्राथमिक पाठशाला में मध्यान्ह भोजन वितरण योजना संचालित की है। योजना के मुताबिक सभी स्कूलों में बच्चों को स्कूलों में नाश्ता से लेकर भोजन तक की व्यवस्था की गई है जिसका लाभ स्कूलों में पढ़ाई करने वाले नौनिहाल बच्चों को मिल रहा है परंतु प्रतापपुर क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में जहां बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में सब्जी में केवल सोयाबीन बड़ी और आलू ही दिया जा रहा है। बच्चों को हर रोज स्कूल में एक ही सब्जी खिलाने से बच्चों के स्वास्थ्य पर असर पड़ने लगा है।

**खास बात**
- बच्चों को पौष्टिक आहार के रूप में परोस रहे सोयाबीन बड़ी और आलू

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दवनकरा, पलढा के ददुरापारा एवं बगड़ा स्थित प्राथमिक पाठशाला में गांव के ही बालक.बालिकाएं अध्ययनरत है जहां बच्चों के लिए स्कूल मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था है। परंतु पिछले कई माह न तो मीनू के हिसाब से बच्चों को भोजन दिया जा रहा है और न ही बच्चों के थाली में पौष्टिक आहार मिला। मध्यान्ह भोजन वितरण में लापरवाही से परिजन में आक्रोश है। स्कूलों में बच्चों को मध्यान भोजन के सब्जी में सिर्फ आलू और सोयाबीन बड़ी ही परोस जा रहा है। बच्चो को मीनू अनुसार भोजन नहीं मिलने तथा हर रोज सब्जी में केवल सोयाबीन बड़ी और आलू देने की घटना उस समय उजागर हुई जब दो दिन पूर्व ही जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा ने ग्राम पंचायतों के स्कूलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी पाया। निरीक्षण के दौरान पता चला कि बच्चों को मध्यान्ह भोजन में चावल के साथ हर रोज आलू और सोयाबीन बड़ी की सब्जी दी जाती है। जिस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने महिला स्वयं सहायता समूह केवरा के अध्यक्ष कलावती जायसवाल से मध्यान्ह भोजन के संबंध में पूछताछ की। साथ ही सप्ताह में कम से कम तीन दिन मीनू के आधार पर बच्चों को हरा सब्जी देने के निर्देश दी।



मध्यान्ह भोजन में आलू-बड़ी की सब्जी।



निरीक्षण करते जिपं अध्यक्ष व अन्य।

### बच्चों की संख्या हो रही कम

स्कूल में मध्यान्ह भोजन में सिर्फ सब्जी में आलू और सोयाबीन बड़ी खिलाने से बच्चे परेशान हो गए है। जिससे अब स्कूल में बच्चों की संख्या में कम हो रही है। हालांकि जो बच्चे स्कूल जाते है लेकिन हर रोज आलू और सोयाबीन बड़ी देने के कारण कम बच्चे ही भोजन करते है। ऐसे में शासन द्वारा चलाए जा रहे मध्यान्ह भोजन का लाभ बच्चों को नहीं मिल रहा है।

### दिए गए है निर्देश

ग्राम पंचायतों के प्राथमिक पाठशाला में मध्यान्ह भोजन में मीनू के आधार पर भोजन देने के निर्देश दिए गए है। साथ ही सप्ताह में कम से कम तीन दिन पौष्टिक आहार के रूप में हरे सब्जी देने के लिए कहा गया है। मीनू अनुसार भोजन नहीं देने पर कार्रवाई की जाएगी।

**-श्रीमती चंद्रमणि देवपाल पैकरा**
जिला पंचायत अध्यक्ष



## विशेष शिविर में 77 नए विद्युत कनेक्शन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

विद्युत वितरण केंद्र में उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान एवं विद्युत सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नए विद्युत कनेक्शन जारी करने, बिजली बिल में सुधार, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार तथा बकायादार उपभोक्ताओं से वसूली एवं विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की गई। शिविर के दौरान कुल 77 नए विद्युत कनेक्शन जारी किए गए। साथ ही 17 त्रुटिपूर्ण विद्युत देयकों में सुधार कर पुनरीक्षित बिल उपभोक्ताओं को प्रदान किए गए।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को अपने घरों की छत पर सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित किया गया तथा योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। विभाग द्वारा बकायादार उपभोक्ताओं पर भी सख्त कार्रवाई की गई। इस दौरान 748 उपभोक्ताओं से कुल 13.40 लाख रुपये की वसूली की गई, वहीं 48 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया राशि के कारण विच्छेदित किए गए। उल्लेखनीय है कि यह शिविर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल की मांग पर आयोजित किया गया था। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के साथ पार्षद अर्जुन दास, पार्षद सुमित गुप्ता, पार्षद अशोक जायसवाल सहित बड़ी संख्या में उपभोक्ता के अलावा कार्यपालन अभियंता बलरामपुर प्रकाश कुमार अग्रवाल के साथ सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे और उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया।



## बैंक अधिकारियों ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को दिया कंबल

**अम्बिकापुर।** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के स्थापना दिवस के अवसर पर प्रबंधन द्वारा विविध गतिविधियां चलाई जा रही है। गुरूवार को बैंक अधिकारियों ने समाज कल्याण विभाग के सहयोग से अजिरमा स्थित वृद्धाश्रम में निवासरत 25 वृद्धों को कंबल प्रदान किया। क्षेत्रीय प्रबंधक वृद्धाश्रम के वरिष्ठजनों का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा फल प्रदान किया। उन्होंने वरिष्ठजनों से बात कर उनकी स्थिति जानी। इस दौरान समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री उईके, संजय ठाकुर, सेंट्रल बैंक के रोहितास यादव, श्याम गुप्ता, अविनास खलखो, गोविन्द सिंह सहित अन्य कर्मचार उपस्थित थे।

## भाजपा के जिला अध्यक्षों के चयन पर युवा मोर्चा ने मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



भाजपा के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जनजाति एवं युवा मोर्चा के नए जिला अध्यक्षों के चयन पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और युवा मोर्चा के सदस्यों में हर्ष और उत्साह का माहौल है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष बद्री यादव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुंशी सिंह और युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मंगल पांडे के बनने की खबर मिलने के बाद भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने स्थानीय लरंगसाय चौक पर जश्न मनाया।

इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा के सदस्यों ने आतिशबाजी के साथ एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। आयोजन में बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए और उन्होंने पार्टी की नीतियों और आगामी योजनाओं पर चर्चा भी की। उपस्थित युवाओं ने कहा कि नए अध्यक्षों के आने से जिले में संगठन को और मजबूती मिलेगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी। भाजपा युवा मोर्चा विक्रम गुप्ता एवं नंदकेश्वर गुप्ता ने कहा कि यह पार्टी और संगठन के लिए गर्व का पल है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग करने और जिले के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। इस दौरान कन्हैया लाल अग्रवाल, शर्मिला गुप्ता,अरुण केसरी, सीताराम गुप्ता, संजय गुप्ता, डॉ. राकेश गुप्ता, धर्म प्रकाश केसरी, विकास गुप्ता, अर्जुन दास, सिद्धांत यादव, अर्पित जायसवाल, आकाश तिवारी, अमित सिंह कृष्ण गुप्त, अमन पांडे, कलाम मंसूरी सहित भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान कल से, जिले में 1,04,660 बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन जिले में 21 से किया जाएगा जो 23 दिसम्बर तक चलेगा। तीन दिवसीय इस अभियान के तहत जिले के 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के कुल 1,04,660 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिलेभर में 729 पोलियो बूथ बनाए गए हैं। अभियान का विधिवत शुभारंभ 21 दिसम्बर को सुबह जिला एवं विकासखंड स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जाएगा। अभियान के प्रथम दिवस पोलियो बूथों पर बच्चों को दवा पिलाई जाएगी, जबकि द्वितीय एवं तृतीय दिवस बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण दलों द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक तैयारियां की जा चुकी हैं। कलेक्टर ने जिले के सभी अभिभावकों से कहा है कि वे अपने 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को 21 दिसम्बर को नजदीकी पल्स पोलियो बूथ पर लाकर पोलियो वैक्सीन की दो बूंद अवश्य पिलाएं और जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने में अपना सहयोग दें। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वैक्सीन एवं अन्य आवश्यक लॉजिस्टिक सामग्री का वितरण विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में किया जा चुका है। अभियान को सफल बनाने के लिए समस्त विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों के खंड चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंबा कार्यकर्ता एवं मितानिनों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले के पहुंच विहीन क्षेत्रों, मेला-बाजार, ईंट भट्ठों, मलिन बस्तियों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार एवं औद्योगिक क्षेत्रों में बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने के लिए विशेष मोबाइल टीमों का गठन किया गया है, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए।


TOP IN SURGUJA




## गुरु घासीदास जयंती पर सतनामी समाज ने की विधि विधान से पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही मेधावी छात्र छात्राओं, वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान



गुरुवार को सतनामी समाज द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान समाज के लोगों ने गुरु घासीदास उद्यान में जैतखंभ की पूजा अर्चना की और गुरु घासीदास जी के संदेशों का वाचन किया। वहीं समाज द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बता दें कि जन जागृत सतनामी सेवा समिति द्वारा संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जयंती के अवसर पर गुरु घासीदास उद्यान में स्थित जैतखंभ की पूजा अर्चना हेतु वृहद् कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें समाज के पुरुष, महिलाएं, बच्चे व युवा शामिल हुए। इस दौरान विधि विधान से जोड़ा जैतखंभ की पूजा अर्चना पंडित कुक राम बंजारे द्वारा की गई और झंडा लगाया गया। इसके साथ ही गुरु घासीदास जी के 7 संदेशों व 42 वचनों का पाठन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समाज के अध्यक्ष द्वारा लोगों को गुरु घासीदास मानव समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के तहत एमबीबीएस में सफलता हासिल करने वाले अमन मधुकर, टिकेश्वर बंजारे, तनु टंडन, अर्पिता रंतेश, तशिका ओगरे, आमिनी भास्कर, सहित अन्य को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राज्य स्तरीय खेल स्पर्धा में मेडल हासिल करने वाले प्रबुद्ध आ. लक्षनधारी, बुद्धदेव आ. लक्षनधारी, मयंक राजवाड़े, अक्षय जांगडे, यश कठुतिया को सम्मानित किया गया। वहीं समाज के लोगों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रम व सामूहिक भोज का सिलसिला देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान युवाओं में खासा उत्साह देखने की मिला। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष डीआर ढिढी, होम गार्ड कमांडेंट शिव कुमार कठुतिया, सचिव मनोज लहरे, मीडिया प्रभारी नरेंद्र दिव्य, कोषाध्यक्ष श्रवण खूटे, उपाध्यक्ष रोहित राम महेश सहित अन्य मौजूद थे।




























## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र कृतश से एसएसपी ने की मुलाकत

**अंबिकापुर।** राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में एक वर्ष की पढ़ाई और पशिक्षण पूर्व कर शहर लौटे कृतश मिश्रा से सरगुजा एसएसपी और एएसपी ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एनडीए के छात्र को शुभकामनाएं दी। बता दें कि शहर के कृतश मिश्र ने सैनिक स्कूल अंबिकापुर से पढ़ाई की है और पढ़ाई के साथ ही राष्ट्रीय रक्षा अकादमी की परीक्षा में सफलता हासिल की थी। एनडीए में चयन होने के बाद कृतश खड़गवासला पुणे प्रशिक्षण केंद्र में प्रशिक्षण के साथ-साथ एम-टेक की पढ़ाई कर रहे हैं जहां तीन वर्ष पुर्ण होने पर हैदराबाद में आगे की पढ़ाई करेंगे। कृतश सरगुजा पुलिस के साइबर सेल में सहायक उप निरीक्षक अजीत कुमार मिश्रा के पुत्र है। शुक्रवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने मुलाकात कर उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं मार्गदर्शन दिया।

### सर्वसम्मति से मिन्हाज खान बने सर्व मुस्लिम समाज के अध्यक्ष



**सीतापुर।** मुस्लिम समाज को संगठनात्मक रूप से विस्तार देने एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने सर्व मुस्लिम समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा क्षेत्र की सात मुस्लिम कमेटी शामिल हुई। बैठक के दौरान सभी कमेटियों द्वारा सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करने पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान सर्व मुस्लिम समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें मो. मिन्हाज खान को सर्वसम्मति से सर्व मुस्लिम समाज का विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। सेकेट्री मो. अब्दुल तालिब, नायब सदर मो. तजम्मुल हसन, नायब सेक्रेटरी मो. नसीम खान एवं खजांची मो. जाकिर खान को बनाया गया है। इस अवसर पर सर्व मुस्लिम समाज के विधानसभा अध्यक्ष मिन्हाज खान ने कहा कि जिस भरोसे के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वो पूरी ईमानदारी और सभी के सहयोग से निभायेंगे। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुट करते हुए सकारात्मक सोच के साथ नई दिशा प्रदान की जायेगी ताकि समाज में भाईचारा और एकता मजबूत बनी रहे।

## पेज 1 के शेष...

### पशिचमोत्तर की सर्द हवाओं ने बढ़ाई...

शीतलहर कंपकंपा रही है। पांच दिनों पूर्व उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ की सक्रियता से शीतलहर का प्रभाव खत्म हो गया है। पारा में भी 1.0 डिग्री की वृद्धि हुई है लेकिन ठंड से राहत नहीं मिल पाई है। उत्तर भारत में नवम्बर से लेकर अब तक तीन-चार विक्षोभ सक्रिय हुए तथा विक्षोभ की सर्द हवाओं ने उत्तर छत्तीसगढ़ को प्रभावित किया। विक्षोभ की हवा राजस्थान के रेगिस्तान से गुजरने के बाद हिमालय से टकराकर भारत में प्रवेश करती हैं तथा पड़ोसी राज्यों सहित उत्तरी छत्तीसगढ़ को विशेष रूप से प्रभावित करती हैं। पूर्व में उत्तर भारत में सक्रिय विक्षोभ की सर्द हवाएं सरगुजा से गुजर रही हैं तथा कोहरे के साथ पहुंचने वाली विक्षोभ की सर्द हवाओं के प्रभाव से तापमान में तेज गिरावट होने के साथ ही घना कोहरा छाने के कारण जन जीवन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम कार्यालय द्वारा सुबह 5.30 बजे न्यूनतम तापमान 7.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था जो विक्षोभ की ठंडी हवाओं के प्रभाव से 1.3 डिग्री गिरावट के साथ सुबह 8 बजे 5.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सर्द हवाओं के प्रभाव से मैदानी एवं पठारी इलाकों के तापमान में तेज गिरावट दर्ज की गई है। ग्राम अजिरमा स्थित राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय में न्यूनतम पारा 4.2 डिग्री वहीं मैनपाट स्थित आलू अनुसंधान केन्द्र में 2.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। दिन के पारा में भी तेज गिरावट हुई तथा पारा 24.0 डिग्री से गिरकर 21.9 डिग्री पर पहुंच गया है। जिसके कारण दिन में भी ठंड से राहत नहीं मिल रही है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में भी कोहरा छाने एवं दो-तीन दिन बाद पारा में 2.0 डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**फिलहाल राहत की नहीं संभावना-** उत्तर भारत में गुरूवार को एक नया विक्षोभ सक्रिय हुआ है। विक्षोभ के प्रभाव से प्रायः पारा में वृद्धि होती है लेकिन विक्षोभ के कमजोर होने के कारण न तो पश्चिमोत्तर की सर्द हवा का प्रवाह रूक रहा है न ही ठंड से राहत मिल रही है। अभी एक महीने सरगुजिहा ठंड शेष है जिसमें पारा 2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। सुबह वातावरण की नमी बढ़कर 95-96 प्रतिशत पहुंच जा रही है।

## पीएम नरेंद्र मोदी को भेजेंगे सिग्नेचर के साथ पत्र

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने 75 हजार हस्ताक्षर का अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से हो रहे पर्यावरण को नुकसान और प्रदूषण को रोकने के लिए चलाए गए अभियान के तहत शहर के होलीक्रास स्कूल के बच्चों ने एक और नवाचार किया है। इस बार स्कूल के बच्चों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने लिए 75 हजार हस्ताक्षर अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लगाने की मांग को लेकर आम लोगों के हस्ताक्षर के साथ पत्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजेंगे। छात्र छात्राओं में इस अभियान को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

**खास बात**

- पूर्व में पीएम कर चुके है सराहना

सिंगल यूज प्लास्टिक का पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है और सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले नुकसान को लेकर शहर के होलीक्रास स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया है। स्कूल के विद्यार्थी वर्ष भर उनको मिलने वाले प्लास्टिक रैपर को एकत्रित करते है और फिर उन रैपर्स को उन्ही कंपनी को गिफ्ट पैक कर भेज देते है। छात्रों के इस पहल की सराहना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं कर चुके है और बच्चों के इस अभियान को उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया था। पीएम की सराहना के बाद बच्चों का उत्साह बढ़ा और वे इस अभियान को अब तक जारी रखे हुए है। इसके साथ ही इस बार बच्चों ने कंपनियों को उनके सिंगल यूज रैपर भेजने के साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर 75 हजार लोगों के हस्ताक्षर के साथ पत्र पीएम नरेंद्र मोदी को भेजने का निर्णय लिया है। इसके लिए स्कूल के छात्र छात्राएं अपने परिजन, रिश्तेदारों, शहर के लोगों, दूसरे स्कूल के बच्चों से लेटर में हस्ताक्षर ले रहे है। वे इस लेटर के माध्यम से प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने का निवेदन करेंगे।



प्राचार्य से चर्चा करते ब्वायज विंग के प्रेसिडेंट शाश्वत पांडेय व गर्ल्स विंग की प्रेसिडेंट अन्वेषा सिन्हा।

### आम लोगों से लेंगे मदद

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर बच्चे काफी गंभीर है और वे सिंगल यूज प्लास्टिक के रैपर विभिन्न कंपनियों को भेजेंगे। इसके लिए 5 जानवरों को शहर में एक जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा नागरिकों से भी इस मुहिम में जुड़ने का आह्वान किया जाएगा। अपने अपनियाँ को लेकर स्कूल के गर्ल्स विंग की प्रेसिडेंट अन्वेषा सिन्हा ने बतया कि हमने सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर को बैन करने का अभियान छेडा है इस बार हम सिग्नेचर कैम्पेन कर रहे हैं। तहत हम लोगो के सिग्नेचर ले रहे हैं और इसे प्रधानमंत्री को भेजेंगे ताकि हमारे देश में सिंगल यूज प्लास्टिक रैपर पर बैन लागू किया जाए। पीएम ने ट्विट करके जब सराहना की तो हम हमारा उत्साहवर्धन हुआ। स्कूल के ब्वायज विंग के प्रेसिडेंट शाश्वत पांडेय ने बताया की हमारा उद्देश्य है कि सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद किया जाए। यह प्लास्टिक नॉन बायोडिग्रेडेबल हैं और पर्यावरण के साथ ही हमारे के लिए खतरनाक है।

### पीएम के ट्वीट हुआ उत्साहवर्धन

हमारे बच्चे अभी प्लास्टिक बैन सिग्नेचर के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने अपने पैरेंट्स और टीचर के सिग्नेचर लिए हैं। इसके साथ ही शहर में अन्य लोगों के हस्ताक्षर ले रहे है और पीएम नरेंद्र मोदी को हस्ताक्षर के साथ पत्र पहुंचाने की कोशिश कर रहे है। जब गर्मियों की छुट्टी में बच्चे अपने घर में होते हैं उस समय ये लीडर रोज स्कूल आकर इसकी तैयारी करते हैं। 2020 में प्रधान मंत्री ने हमारे स्कूल के बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए एक ट्वीट किया था जिससे बच्चों का उत्साहवर्धन हुआ और वे आगे बढ़ रहे है।

-डॉ. सिस्टर जेस्सी
प्रिन्सिपल



## धान खरीदी के बाद उठाव नहीं होने से खरीदी व्यवस्था प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में धान खरीदी के सक्रिय दौर के बीच धान उठाव पूरी तरह ठप्प होने से सूरजपुर जिले की खरीदी व्यवस्था की स्थिति गंभीर है,गत एक माह से अधिक समय से जिलेभर के धान खरीदी केंद्रों में लगातार धान की आवक हो रही है,लेकिन 19 दिसंबर तक कुल धान उठाव एक प्रतिशत भी नहीं हो सका है,इस गंभीर स्थिति को लेकर सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला सूरजपुर ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल हस्तक्षेप नहीं होने पर धान खरीदी बंद होने की चेतावनी दी है।

गौरतलब है कि जिले के लगभग सभी धान खरीदी केंद्रों पर धान का स्टॉक निर्धारित बफर लिमिट से कई गुना अधिक पहुंच चुका है,हालात यह हैं कि कई केंद्रों में अब धान रखने के लिए अतिरिक्त जगह तक उपलब्ध नहीं है, खुले में धान रखने की नौबत आ गई है, जिससे न सिर्फ गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है बल्कि सुरक्षा और नुकसान का खतरा भी बढ़ गया है,सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अब तक संग्रहण केंद्रों में भी उठाव शुरू नहीं हो सका है, परिवहन व्यवस्था, गोदाम आबंटन और लॉजिस्टिक तालमेल के अभाव में पूरी सप्लाई चैनल ठप्प है, यदि यही स्थिति रही तो प्रशासन द्वारा तय लक्ष्य समय पर पूरा करना असंभव हो जाएगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि धान की खरीदी 14 से 17 प्रतिशत नमी के साथ की गई है। लंबे समय तक उठाव नहीं होने से धान में सुखत और गुणवत्ता ह्रास शुरू हो चुका है। इससे समितियों पर भारी आर्थिक नुकसान का खतरा मंडरा रहा है। साथ ही यदि धान की गुणवत्ता मानकों से नीचे गई तो आगे चलकर भुगतान और नीलामी में भी दिक्कतें आ सकती हैं। कर्मचारी संघ ने स्पष्ट कहा है कि यदि शनिवार और रविवार को भी धान उठाव नहीं हुआ तो सोमवार 22 दिसंबर से धान खरीदी जारी रखना संभव नहीं होगा, धान उठाव न होने से किसानों में भी असंतोष और बेचैनी बढ़ती जा रही है। कई किसानों ने खरीदी केंद्रों पर धान बेच तो दिया है, लेकिन आगे की प्रक्रिया अटकने से उन्हें समय पर भुगतान और सुरक्षित भंडारण को लेकर चिंता सता रही है। जगह की कमी, स्टॉक प्रबंधन और गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी पूरी तरह कर्मचारियों पर आ गई है, जिससे कार्य दबाव और तनाव लगातार बढ़ रहा है।

सहकारी समिति कर्मचारी संघ ने मांग की है कि सभी धान खरीदी केंद्रों से तत्काल धान उठाव शुरू कराया जाए, संग्रहण केंद्रों और गोदामों की संख्या बढ़ाई जाए, परिवहन व्यवस्था को सुचारु करने के लिए विशेष टीम और अतिरिक्त संसाधन लगाए जाएं, सप्ताहांत में भी धान उठाव सुनिश्चित किया जाए।

## डीएवी स्कूल में रंगारंग वार्षिकोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में प्राचार्य अनामिका भारती के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में गुरुवार को विद्यालय का भव्य वार्षिकोत्सव आयोजित किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि डॉ संजय सिंह ,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक एसईसीएल विश्रामपुर क्षेत्र,विशिष्ट अतिथि अल्पना सिंह अध्यक्षा, शिवानी महिला मंडल बिश्रामपुर, मोलिका मुखर्जी, प्राचार्य डीएवी भटगांव व मैनेजर डीएवी बिश्रामपुर, अजय मिश्रा, डीईओ, जिला सूरजपुर, अतिथि जी के राय, जीएम ऑपरेशन एसईसीएल बिश्रामपुर, एसके पांडेय, प्राचार्य डीएवी चिरमिरी, जेसीसी मेंबर्स एवं विविध संघों के पदाधिकारी का विद्यालय प्राचार्य अनामिका भारती जी एवं वरिष्ठ अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा सैपलिंग भेंट कर उनका स्वागत किया गया, विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा आमंत्रित अतिथियों के सम्मान में संगीतमय स्वागत गान प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं डीएवी गान से किया गया। प्राचार्य श्रीमती अनामिका भारती ने आमंत्रित सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय परिवार का स्वागत करते हुए विद्यालय की शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक उपलब्धियों का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह ने अपने आशीर्वचन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यार्थियों में भिन्न- भिन्न प्रकार की प्रतिभाएं होती हैं। इस प्रकार के आयोजन से उनके हुनर उभरकर सामने आते हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित वंदेमातरम नृत्य,नेचुरल रिसोर्सेस, रामलीला, वेस्टर्न डांस, छत्तीसगढ़ी नृत्य, राजस्थानी नृत्य, भांगरा, गुजराती नृत्य, बिहू नृत्य, नाटक बदलता परिवेश, म्यूजिकल आर्केस्ट्रा, वुमेन इम्पॉवरमेंट के साथ प्री प्राइमरी विंग के नन्हे बच्चों का रैंपवॉक, फेस्टिवल ऑफ इंडिया डांस की रंगारंग एवं आकर्षक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर सत्र 2023–24, कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा एवं सत्र 2024-25, दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान अर्जित करने वाले विद्यार्थियों सहित डीएवी राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में विविध खेलों में पदक विजेता विद्यार्थियों, आईआईटी, नीट आदि परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले डीएवी विश्रामपुर के बारहवीं उत्तीर्ण छात्र - छात्राओं तथा सत्र 2024-25 बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशतसे अधिक क्यूपीआई देने वाले टीचर्स प्रगति दीक्षित व रितेश कुमार, इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एवं इन्फॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस,मिनीमोल डिसिल्वा व लक्ष्मीकांत दास अंग्रेजी,ए एम चौबे हिंदी,पी के वैद्य फिजिकल एजुकेशन को विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्मृति चिह्न भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक एल के दास, वरिष्ठ अध्यापिका शोभा नामदेव एवं विद्यालय के विद्यार्थियों मान्यता जायसवाल, मैथिली मिश्रा, जायना नजीम,एलिजा खान, कृति श्रीवास, शैली शैलजा टोप्पो, इज़्मा खान व सौमिल गुप्ता ने किया। वरिष्ठ अध्यापक एएम चौबे द्वारा आभार ज्ञापन किया गया।सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन किया गया।

### ट्रेलर के पीछे टकराया बाइक सवार, गंभीर

**मानीचौक।** ग्राम मानी स्थित पेट्रोल पंप के समीप बीती रात बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे टकरा गया। दुर्घटना में युवक घायल हो गया। जानकारी अनुसार एक ट्रेलर वाहन कोयला लोड कर बिश्रामपुर रोड में निकला था। जैसे ही ट्रेलर चालक वाहन लेकर मानी पेट्रोल पंप के समीप पहुंचा और सड़क किनारे खड़ा कर दिया। इसी बीच पीछे से आ रहे बाइक सवार ग्राम मानी निवासी युवक चैंपियन सिंह आ. लक्ष्मण सिंह ने अचानक बाइक से नियंत्रण खो दिया और ट्रेलर वाहन के पीछे जा टकराया। दुर्घटना में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई है जिसकी प्राथमिक उपचार के बाद परिजन युवक को अंबिकापुर हॉस्पिटल में भर्ती कराया है जहां पर ईलाज जारी है। परिजन ने बताया कि सिर में गंभीर चोंट लगा है जिसको चिकित्सकों ने आईसीयू वार्ड में भर्ती कर इलाज कर रहे है।



### गन्ने का अवैध परिवहन, प्रशासन ने किया जब्त

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस.जयवर्धन के मार्गदर्शन में लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत कल्याणपुर में गन्ने के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। गौरतलब है कि मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना केरता क्षेत्र अंतर्गत उत्पादित गन्ने को एक ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 23 ई 9973 में लोडकर पश्चिम बंगाल की ओर अवैध रूप से परिवहन किए जाने का प्रयास किया जा रहा था,सूचना मिलते ही एसडीएम शिवानी जायसवाल के निर्देशन में तहसीलदार लटोरी सुरेंद्र पैकरा के सहयोग से नायब तहसीलदार लटोरी दिवाकर के नेतृत्व में राजस्व विभाग, मंडी विभाग सूरजपुर, पुलिस विभाग, गन्ना विभाग तथा शुगर फैक्ट्री केरता के प्रबंध संचालक एवं एमडी की उपस्थिति में संयुक्त टीम द्वारा मौके पर कार्रवाई की गई,जांच के दौरान अवैध परिवहन की पुष्टि होने पर संबंधित ट्रक को मध्य रात्रि करीब 1 बजे रोककर शुगर फैक्ट्री केरता ले जाया गया, इसके पश्चात ट्रक में लोड गन्ने को नियमानुसार संबंधित किसान के नाम से कारखाना परिसर में सुरक्षित रूप से खाली कराया गया,कार्रवाई से गन्ने के अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया है, जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि किसानों के हितों के संरक्षण तथा शासन द्वारा निर्धारित नियमों के पालन हेतु इस प्रकार की संयुक्त कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।



### ग्राम पंचायत हरगवां में प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता, ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत हरगवां में प्रधानमंत्री आवास योजना वर्ष 2024–25 के क्रियान्वयन में भारी अनियमितताओं का आरोप सामने आए हैं। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कार्रवाई किए जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत हरगवां में वर्ष 2024–25 में कुल 76 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए थे। इनमें से केवल 15 आवास पूर्ण हुए हैं, 12 आवास प्लिंथ लेवल एवं कुछ डोर लेवल तक बने हैं, जबकि 49 आवासों का कार्य अब तक शुरू ही नहीं किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि हितग्राहियों से संपर्क करने पर यह तथ्य सामने आया कि आवास की स्वीकृत राशि को सचिव एवं रोजगार सहायक द्वारा अंगूठा लगवा कर हितग्राहियों की आईडी से निकाल लिया गया, जिसके कारण आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं हो सका। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



## प्रबंधन व सुरक्षा अमले की सख्ती के बाद अवैध रूप से काबिज 25 से अधिक कंपनी आवास हुए खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए आवास की उपलब्धता में आ रही परेशानी को देखते हुए प्रबंधन ने अवैध रूप से कब्जा किए गए कंपनी आवासों को खाली कराने के लिए चरणबद्ध अभियान शुरू किया है,इस अभियान में प्रबंधन को लगातार सफलता मिल रही है।

क्षेत्रीय महाप्रबंधक के निर्देश पर सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह एवं सुरक्षा अमले द्वारा पिछले छह माह से क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों में सर्वे कर अवैध कब्जाधारियों की पहचान की जा रही है,सर्वे में करीब 500 से अधिक आवासों में बाहरी व्यक्तियों एवं सेवानिवृत्ति के बाद भी निवासरत कर्मचारियों द्वारा अवैध कब्जा पाया गया है। प्रबंधन द्वारा ऐसे सभी कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर क्वार्टर खाली कर कंपनी को सुपुर्द करने के निर्देश दिए जा रहे हैं, जिसका असर अब स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है,सुरक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार,अब तक 25 से अधिक लोगों ने अवैध रूप से कब्जा किए गए क्वार्टर खाली कर प्रबंधन को सौंप दिए हैं। क्वार्टर खाली करने वालों में पुलिस अधिकारी, कंपनी के अधिकारी तथा कई सेवानिवृत्त कर्मी शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से अमरेंद्र नाथ सिंह, हरदेव सिंह, बी. मुखर्जी, राम नारायण राजवाड़े, अभय नायर, के. यू. सेठी, सर्वदेव यादव, प्रद्युम्न सिंह, दिनेश कुमार खेस, सौरव यादव, सिंह कंस्ट्रक्शन, रामस्वरूप असाटी, एडिशनल एसपी महालक्ष्मी कुलदीप, बैंक कर्मी अजय कुमार मलिक, अनीत गौरे, भोला प्रसाद पटेल, अशोक कुमार स्वाई, एस. के. द्विवेदी, प्रकाश बंडीआई, शंख लाल साहू, शमशुद्दीन, राकेश कुमार, प्रमोद कुमार दास एवं जे. के. बर्खानिया के नाम शामिल हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि अभी भी सैकड़ों कब्जाधारियों को चरणबद्ध तरीके से नोटिस जारी किए जा रहे हैं। निर्धारित समय-सीमा के बाद प्रबंधन सख्ती बरतते हुए कंपनी आवासों को खाली कराया जाएगा ।

## नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

**सूरजपुर।** नेशनल हेराल्ड मामले में केंद्र सरकार द्वारा ईडी के माध्यम से सोनिया गांधी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर की गई है एफआईआर को न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिए जाने तथा न्यायालय द्वारा यह टिप्पणी देने की यह ईडी के कार्यक्षेत्र से बाहर का मामला है। इस मामले को लेकर पूरे प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा भाजपा कार्यालय का घेराव किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला कांग्रेस अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय का घेराव किया। भाजपा कार्यालय का घेराव के दौरान पुलिस से झूमाझटकी भी हुई। साथ ही कांग्रेस नेताओं ने जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं व पूर्व विधायक व पार्टी के पदाधिकारी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं को लेकर केंद्र की सरकार विपक्ष को खत्म करना चाहती है। लेकिन न्यायालय ने उनके मनसुखों पर पानी फेर दिया है और यह सत्य की जीत है। इसके पूर्व स्थानीय बाइपास चौक के पास बड़ी संख्या में कांग्रेसी नेताओं ने रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए भाजपा कार्यालय की ओर कुच किया जहां बड़ी तादाद में प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल उपस्थित रहे। पांच लेयर की सुरक्षा व्यवस्था को भेदकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने बैरिकेटिंग तोड़ते हुए अंदर घुसकर सत्यमेव जयते का बैनर लहराते हुए अपना विरोध प्रकट किया। पुलिस और कांग्रेस नेताओं के बीच काफी देर तक झूमझटकी हुई जिसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गए और नारेबाजी करते हुए अपना विरोध प्रकट किया। इस दौरान पूर्व विधायक पारस नाथ राजवाड़े, इस्माइल खान,जीएस मिश्रा, विद्यासागर सिंह, संजय डोसी, सुनील अग्रवाल, मेहदी यादव, अनिल गुप्ता, नवीन जायसवाल आदि शामिल रहे।




हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

ॐ जय माँ कंकाली ॐ

राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।



त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)

नोट- स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

डॉ.जे.पी. दुबे

मो.9630231500, 9630995600

पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 वसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे